# 2022
# HINDI

*Total marks : 80* *Time : 3 hours*

**General Instructions:**

*i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii) The question paper consists of 25 main questions. All questions are compulsory.*
*iii) Marks are indicated against each question.*
*iv) General choice has been provided in some questions.*
***N.B: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## खण्ड - क ( अपठित बोध)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

लोगों का मानना है कि बालश्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का दायित्व सिर्फ सरकार का है। यदि सरकार चाहें, तो कानून का पालन न करने वालों एवं कानून भंग करने वालों को सजा देकर बालश्रम को ही समाप्त कर दें, किंतु ऐसा करना असंभव है। हमारे घरों में ढाबों में, होटलों में अनेक बालश्रमिक मिल जायेंगे, जो कड़ाके की ठडं या तपती धूप की परवाह किए बिना काम करते है। हमें सोचना होगा कि सभ्य समाज में यह अभिशाप अभी तक क्यों बरकरार है, क्यों तथाकथित सभ्य एवं सुशिक्षित परिवारों में नौकरों के लिए बच्चों को पसंद किया जाता है और क्यों आर्थिक रूप से सशक्त लोगों के घरों में काम-काज हेतु गरीब एवं बाल श्रमिक ही पसंद किए जाते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकारी स्तर से लेकर व्यक्तिगत स्तर पर सभी लोग इसके प्रति सजग रहें और बालश्रम जैसे अभिशाप से मुक्ति पाने हेतु मनोयोग पूर्वक सार्थक प्रयास किया जाए, ताकि राष्ट्र के भावी नागरिकों के बालपन की स्वाभाविकता बनी रहे।

(क) बालश्रमिकों के प्रति हम सबका क्या दायित्व होना चाहिए ? 1
(ख) बालश्रमिक कहाँ- कहाँ देखे जाते हैं ? 1
(ग) समाज को क्या सोचना चाहिए ? 1
(घ) बाल श्रमिक किन परिस्थितियों में काम करते है ? 1
(ड़) बालश्रम के संबंध में लोगों का क्या सोचना है ? 1
(च) आर्थिक रुप से सशक्त लोगों की क्या पसंद हैं ? 1
(छ) सामाजिक शब्द से मूल शब्द एवं प्रत्यय को अलग करके लिखिए । 1
(ज) सभ्य शब्द का विलोम शब्द लिखिए ? 1
(झ) बाल शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1
(ञ) राष्ट्र के भावी नागरिक कौन है ? 1

## खण्ड - ख (संरचना)

2. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में लिखिएः-** 6

**क.** माना कि आपका नाम रोहन / रीना है और यदि आप एक मेधावी छात्र / छात्रा है, तो विद्यालय के मेधावी छात्र-वृत्ति कोष से छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए अपने प्रधानाध्यापक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

**ख.** सोशल मीडिया का हमारे समाज पर प्रभाव - विषय पर अपने विद्यालय की सभा में बोलने के लिए एक भाषण लिखिए।

3. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिएः-** 4

**क.** आपका विद्यालय काफी लंबे समय के बाद खुलने वाला है और कोविड-19 के कारण सभी छात्र-छात्राओं में सामाजिक दूरी को बनाए रखना आवश्यक है। इन तथ्यों की जानकारी देते हुए विद्यालय में आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सूचित करने हेतु एक सूचना लिखिए।

**ख.** मान लीजिए कि आप शिक्षार्थी कोचिंग सेंटर के नाम से एक ट्यूशन केन्द्र खोलने जा रहे है. केन्द्र का स्थान , फीस एवं कोचिंग के समय आदि का विवरण देते हुए समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

## खण्ड - ग ( व्याकरण एवं अनुवाद)

4. **दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः-** 2x1=2

पत्थर, जगत

5. **दिए गए शब्दों का संधिविच्छेद कीजिए-** 2x1=2

सुरेन्द्र, महर्षि

6. **दिए गए सामासिक पदों का विग्रह कीजिएः-** 2x1=2

राजा-रानी, चतुर्भज

7. **दिए गए मुहावरों का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिएः-** 2x1=2

फाँके होना, मुकम्मल होना

8. **चौपाई छंद की परिभाषा लिखकर एक उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिएः-** 2

9. **अनुप्रास अलंकार को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।** 2

10. **हिंदी में अनुवाद कीजिएः** 3

Trees provide clean air, water and food to us. Trees also provide cool shade during summer and during rain. Children also develop good memory when surrounded by green trees.

## खण्ड-घ (साहित्य)

### गद्य भाग

11. मोहन के पिताजी क्या काम करते थे ? 1

12. हॉर्टीकल्चर डिपार्टमेंट का पेड़ काटने के संदर्भ में क्या विचार था ? 2

13. मास्टर जी मोहन के बारे में क्या कहते थे । 2

14. चीफ की दावत कहानी के आधार पर बूढ़ी माँ की दयनीय स्थिति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 3

15. चेंतिबा और उसकी पत्नी शबाना के बीच किस प्रकार के संबंध थे । 3

16. निम्नकथन किसने, किससे और किस संदर्भ में कहा हैः 1+1+2=4

सही बात कहने में डर लग रहा है, तुझे और तेरी माँ को।

**17. क. निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

साहब बोले आप बैरागी, दफ्तरों के रीति रिवाज नहीं जानते। असल में भोलाराम ने गलती की। भई यह भी एक मंदिर है। यहाँ भी दान-पुण्य करना पड़ता है। भेंट चढ़ानी पड़ती है। आप भोलाराम के आत्मीय मालूम होते है। भोलाराम की दरख्वास्तें उड़ रही हैं। उन पर वजन रखिए। नारद ने सोचा कि फिर यहाँ वजन की समस्या खड़ी हो गई। साहब बोले भई सरकारी पैसे का मामला है।

(क) साहब ने किन से कहा कि आप दफ्तरों की रीति रिवाज नहीं जानते ? 1

(ख) दान-पुण्य के कार्य कहाँ किए जाते है ? 1

(ग) भोलाराम की दरख्वास्तें क्यों उड़ रही थी ? 1

(घ) साहब ने दफ्तर की तुलना किससे की है ? 1

(ङ) नारद मुनि ने क्या सोचा ? 1

**अथवा**

**ख.** जामुन का पेड़ पाठ के अनुसार फॉरेस्ट डिपार्टमेट के आदमी जब पेड़ काटने पहुँचे तब उन्हें काटने से किस विभाग ने और क्योंरोक दिया गया। (5)

**पद्य भाग**

**18.** ईश्वर और गुरू में से कबीर ने किसे बड़ा बताया है और क्यों ? 1

**19.** अभिनव मनुष्य कविता के अनुसार ज्ञानी और विद्वान मानव कौन है ? 2

**20.** कबीर के अनुसार अज्ञानी गुरूओं की शरण में आने पर शिष्यों की क्या दशा होती है ? 3

**21.** जीवन में एक सितारा था, माना वह बेहद प्यारा था।

(क) यह पंक्ति किस शीर्षक से ली गयी है ? 1

(ख) इस कविता के रचनाकार कौन है ? 1

(ग) दिए गए पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए 2

**22. किसी एक पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए:** 1+1+3=5

**क.** अंधकार की गुहा सरीखी, उन आँखों से डरता है मन
भरा दूर तक उनमें दारुण, दैन्य दुःख का नीरव रोदन।

**अथवा**

**ख.** मैं न वह जो स्वप्न पर केवल सही करते
आग में उसको गला, लोहा, बनाती हूँ।
और उस पर नीवं रखती हूँ नए घर की।
इस तरह, दीवार, फौलादी उठाती हूँ।

**कथा साहित्य**

**23.** रमानाथ कौन था, वह किस चीज़ का शौकीन था। 2

**24.** जालपा को जब रमानाथ के गबन के बारे में पता चला, तो उसने क्या किया ? 3

**25. क.** गबन उपन्यास की नायिका जालपा का चरित्र- चित्रण कीजिए। 5

**अथवा**

**ख) दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

रूदन में कितना उल्लास, कितनी शांति, कितना बल है, जो कभी एकांत में बैठकर किसी की स्मृति में किसी के वियोग में सिसक-सिसक और बिलख- बिलख नहीं रोया, वह ऐसे सुख से वंचित है, जिस पर सैकड़ों हँसियाँ न्योछावर है। उस मीठी वेदना का आनंद उन्हीं से पूछो जिन्होंने यह सौभाग्य प्राप्त किया है। रूदन के पश्चात एक नवीन स्फूर्ति एक नवीन जीवन । नवीन उत्साह का अनुभव होता है। जालपा के पास प्रजा मित्र कार्यालय का पत्र पहुँचा तो वह उसे पढ़कर रो पड़ी। एक हाथ में पत्र लिए दूसरे हाथ से चौखट पकड़कर वह खूब रोयी। आज छह महीने के बाद वह सुख संवाद मिला । इतने दिनों तक वह छलनामयी आशा और कठोर दुराशा का खिलौना बनी रही।

(क) जालपा के पास किसका पत्र पहुँचा ? (1)

(ख) रुदन में उल्लास एवं शांति का अनुभव कौन कर सकता है ? (1)

(ग) कितने महीनों बाद जालपा को सुख संवाद मिला ? (1)

(घ) जालपा ने एक हाथ में पत्र तो दूसरे हाथ से क्या पकड़ रखा था ? (1)

(ङ) आशा का विलोम शब्द लिखिए। (1)

******************